कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर (छ.ग.)

दिनांक 02/01/16

परिचर्चा का प्रतिवेदन

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अंतर्गत हमारे महाविद्यालय में दिनांक 02.01.2016 को "समाज में बालिका शिक्षा का महत्व" विषय पर परिचर्चा रखी गई। जिसमें अतिथि के रूप में अजीम प्रेम जी फाउन्डेशन के सदस्य श्री सुभाष गोस्वामी सुश्री शरीना पुर्ति एवं श्री ताहिर अली उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्रायें काफी संख्या मे उपस्थित थे। परिचर्चा में अतिथि, प्राचार्य, एवं प्राध्यापको के अलावा छात्राओं ने भी अपने विचार रखें।

अजीम प्रेम जी फाउण्डेशन के सदस्य श्री सुभाष गोस्वामी बालिका शिक्षा के संदर्भ में सावित्री फुले के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री ताहिर अली ने बालिकाओं को शिक्षा एवं आगे बढनें के मार्ग में आने वाले बाधाओं पर चर्चा की उन सभी बाधाओं का निराकरण कैसे करना चाहिए इस पर मार्गदर्शन दिया। संस्था प्राचार्य द्वारा भी अपना विचार रखा गया छात्राऐं सामूहिक चर्चा में पूर्ण सहभागी बनीं।

परिचर्चा के माध्यम से छात्राओं को आगे की पढाई जारी रखने एवं समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं से यह भी अपेक्षा की गई, कि वे अन्य बालिकाओं व महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित करें। इस प्रकार यह परिचर्चा हमारे महाविद्यालय एवं जिले की जी.ई.आर. बढाने की दिशा में सार्थक हो सकता है।

(डॉ. दिलीप शुक्ला)
प्राचार्य
शास. जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय
जांजगीर (छ.ग.)